Regarding development of tourist circuit connecting places of tourist importance in Madhya Pradesh-Laid

श्री गणेश सिंह **(सतना) :** मैं सरकार का ध्यान भारतीय कला और सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित करने की ओर दिलाना चाहता हूँ । मध्य प्रदेश का संपूर्ण भू-भाग सांस्कृतिक धरोहर, धार्मिक मान्यताएं, राष्ट्रीय उद्यान, टाइगर सफारी, वाटर वाडी से परिपूर्ण होने के साथ साथ यह पवित्र नदियों का उद्गम स्थल भी है । चित्रकूट जहां भगवान श्रीराम ने वनवास काल का सर्वाधिक समय 11 वर्ष बिताया था, और अभी हाल ही में वहाँ पर यूनेस्को जियो पार्क की स्थापना करने के लिये उक्त भू-भाग का चयन किया जा रहा है, उस धार्मिक स्थल को जोड़ते हुए ओरछा, खजुराहो, पन्ना, कलिंजर किला, चित्रकूट सरभंग मुनि, सुतीक्षण मुनि, सिद्धा पहाड़, बिरसिंहपुर, सतना, रामवन, पोंड़ी खजुरी, मारकण्डेय, व्हाइट टाइगर सफारी मुकुन्दपुर, बाणसागर, बांधवगढ़, अमरकंटक, कान्हा को एक टूरिस्ट सर्किट बनाने के लिये मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ ।